दिन– शुक्रवार दिनांक– 21 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने एकीकृत पेंशन योजना के एक अप्रैल से क्रियान्वयन के लिए नियम जारी किये।

02. बिहार ने केंद्रीय वित्त आयोग से केंद्रीय करों में पचास प्रतिशत हिस्सेदारी और विकास योजनाओं के लिए एक लाख करोड़ रूपये से अधिक के अनुदान की मांग की।

03. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत दक्षिणी हिस्सों में कई जगहों पर बारिश। मौसम विभाग का आज भी कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान।

04. और, पटना में आयोजित सेपक टाकरा विश्व कप में भारत की शानदार शुरूआत। प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीते।

————————————————————

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण–पीएफआरडीए ने एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस के क्रियान्वयन के लिए नियम जारी कर दिये हैं। इससे पहले केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस के तहत आने वाले कर्मचारियों के लिए इस वर्ष जनवरी में अधिसूचना जारी की गयी थी। पीएफआरडीए ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना से संबंधित नियम पहली अप्रैल से लागू होंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

————————————————————

बिहार ने केंद्रीय वित्त आयोग से राज्यों को केंद्रीय करों में पचास प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग की है। सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। श्री पनगढ़िया ने कहा कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि संसाधन हस्तांतरण के फॉर्मूले में जनसंख्या घनत्व को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वित्त आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक लाख करोड़ रूपये से अधिक के अनुदान की मांग की है। इधर, वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के औद्योगिक संगठनों ने बेहतर हिस्सेदारी की मांग रखी। सीआईआई बिहार के अध्यक्ष गौरव साह ने बुनियादी ढांचे स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में सुधार के लिए वित्तीय सहायता तत्काल बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के

अध्यक्ष सुभाष कुमार पटवारी ने कहा कि राज्य को आर्थिक और औद्योगिक रूप से पिछड़ा हुआ राज्य मानते हुये विशेष मापदंड तैयार होना चाहिए।

———————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि कोसी नदी पर बने भीमगनर–वीरपुर बराज की मजबूती की तकनीकी जांच करवाई जायेगी। विधान परिषद में एक तारांकित प्रश्न का उत्तर देते हुये उन्होंने कहा कि इसके लिए केन्द्र सरकार को पत्र भेजा गया है।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बेगूसराय और नवादा में जल्द ही कैंसर अस्पताल की स्थापना की जायेगी। श्री पांडेय विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग के बजट पर हुई चर्चा के बाद सरकार का पक्ष रख रहे थे।

———————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट देने का फैसला केन्द्र सरकार के जिम्मे हैं। विधानसभा में प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने एक ध्यानाकर्षण के जवाब में कहा कि केन्द्र सरकार के नियमावली में ईडल्ब्यूएस के लिए उम्र सीमा में छूट का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

———————————————————————

प्रदेश के छियालीस पैक्स को मुख्यमंत्री आदर्श पैक्स प्रोत्साहन योजना के तहत पुरस्कृत किया जायेगा। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि राज्यभर में पहले स्थान पर रहने वाले पैक्स को पन्द्रह लाख रूपये, दूसरे स्थान पर रहने वाले पैक्स को दस लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले पैक्स को सात लाख रूपये दिये जायेंगे। वहीं, जिलास्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पैक्स को भी प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने वर्ष दो हजार पच्चीस में होने वाली विभिन्न बाईस परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। बीपीएससी की सत्तरवीं मुख्य परीक्षा का आयोजन पच्चीस से तीस अप्रैल तक होगा। वहीं, असिस्टेंट इंजीनियर के पांच सौ अड़सठ पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा इक्कीस से तेईस जून के बीच होगी। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के सैंतालीस पदों के लिए तीन अगस्त को परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————

नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने उन उपभोक्ताओं की बिजली फिर से जोड़ने का निर्णय लिया है, जिनकी बिजली स्मार्ट मीटर का रिचार्ज नहीं होने

और अधिक बकाया राशि के कारण कट गई थी। यह निर्णय मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिलों के उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी होगा। इन जिलों में लगभग दो लाख सत्रह हजार उपभोक्ताओं की बिजली स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं होने और अधिक बकाया राशि के कारण कट गई थी।

————————————————————

रेलवे ने बिहार में चौंसठ आरओबी के निर्माण को मंजूरी दे दी है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि इसमें सात वैसे आरओबी हैं, जिनकी घोषणा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में की थी। उन्होंने बताया कि रेलवे समपारों पर बनने वाली सत्तावन आरओबी का निर्माण पूरी तरह रेलवे द्वारा किया जायेगा।

————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे ने पाटलिपुत्र और झंझारपुर के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन की परिचालन की अवधि में विस्तार किया है। अब यह ट्रेन इकतीस जुलाई तक चलेगी।

————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेशभर के मौसम में बदलाव हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत दक्षिणी हिस्सों में कई जगहों पर हल्की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार आज राज्य के दक्षिणी, उत्तर—पूर्व और उत्तर—मध्य हिस्सों में कुछ जगहों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान हवा की गति झोंके के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे तक रहने की सम्भावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, रोहतास और गया जिले में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी।

————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सेपक टाकरा विश्व कप में भारत ने शानदार शुरूआत की है। कल पहले दिन भारत ने अपने सभी मैच जीते। भारत की पुरूष टीम ने न्यूजीलैंड को पराजित किया। वहीं, महिला टीम ने दो मैच खेले और दोनों में जीत हासिल की। पहले मैच में भारत ने ईरान और दूसरे मैच में नेपाल को पराजित किया। अन्य मैचों में थाईलैंड ने सिंगापुर को म्यांमार ने वियतनाम को, फ्रांस ने मलेशिया को, जापान ने नेपाल को पराजित किया। कल कुल अट्ठाईस मैच खेले गये। वीजा नहीं मिलने के कारण चीन और इंडोनेशिया की टीम प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो रही है। आज के क्वाड मुकाबलों में भारतीय महिला टीम का मैच मलेशिया से होगा। वहीं, पुरूष टीम का मुकाबला ईरान से होगा।

———————————————————————

नेशनल बुक ट्रस्ट, एनबीटी की ओर से आज से पटना के गांधी मैदान में पटना पुस्तक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल बिहार दिवस के अवसर पर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन करेंगे। एनबीटी के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि पुस्तक महोत्सव में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विशेष साहित्यक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि तीन सौ विभिन्न प्रकाशक के स्टॉल आकर्षण के केन्द्र होंगे।

———————————————————————

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, एनआईओएस ने इस वर्ष होने वाली दसवीं और बारहवीं की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। सैद्धांतिक परीक्षा नौ अप्रैल से उन्नीस मई तक होगी।

———————————————————————

रक्षा मंत्रालय के महानिदेशालय पुर्नवास—डीजीआर की ओर से आज पटना के दानापुर कैंट स्थित करियप्पा ग्राउंड में पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। मेले में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां शामिल होंगे।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड से दो लोगों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रतनी प्रखंड के नाजीर और प्रखंड प्रमुख के पति की गिरफ्तारी हुई है। ये दोनों एक संवेदक से बिल के भुगतान के एवज में घूस ले रहे थे।

———————————————————————

आरपीएफ की टीम ने रोहतास जिले के डेहरी स्टेशन से सतहत्तर किलो अफीम के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम का बाजार मूल्य एक करोड़ रूपये से अधिक बताया जाता है।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के भटौलिया स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय में विषाक्त भोजन खाने से चालीस छात्राएं बीमार हो गयीं। इनमें से आठ को बेहतर ईलाज के लिए एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————

दरभंगा जिले के अलग—अलग विद्यालयों में फर्जी प्रमाण पत्र पर बहाल तीन शिक्षकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सोलहवें वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की मांग को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– संसाधनों के बंटवारे में आबादी घनत्व को प्राथमिकता मिले।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग में अड़तीस हजार सात सौ तैंतीस पदों पर होगी नियुक्ति।

प्रभात खबर लिखता है– छत्तीसगढ़ में भीषण मुठभेड़, सुरक्षा बलों ने तीस नक्सलियों को किया ढेर, एक जवान शहीद।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजे भिड़े, बड़े ने छोटे की हत्या की।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– सरकारी कर्मियों को एकीकृत पेंशन के लिए अधिसूचना जारी।

आज अखबार की सुर्खी है– अमित शाह उनतीस मार्च को बिहार आयेंगे।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने एकीकृत पेंशन योजना के एक अप्रैल से क्रियान्वयन के लिए नियम जारी किये।

02. बिहार ने केंद्रीय वित्त आयोग से केंद्रीय करों में पचास प्रतिशत हिस्सेदारी और विकास योजनाओं के लिए एक लाख करोड़ रूपये से अधिक के अनुदान की मांग की।

03. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत दक्षिणी हिस्सों में कई जगहों पर बारिश। मौसम विभाग का आज भी कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान।

04. और, पटना में आयोजित सेपक टाकरा विश्व कप में भारत की शानदार शुरूआत। प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय टीम ने अपने सभी मैच जीते।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।